वैशाख, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 107, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज, गुरुवार 11 जुलाई, 2024
T M
नगर संस्करण
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित
Adhunik Samachar
10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश
# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्व-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद्र का स्थापना दिवस भी मनाया गया।


## Admission Open 2024-25



**श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



**श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



**इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

***JEEVAN EXPRESS NEWS***

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



## प्रदेश आस/पास



# नवचयनित 85 लेखपालों को मिला नियुक्ति पत्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 7,720 लेखपालों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की उपस्थिति में किया गया मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा नवचयनित लेखपालों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया जनपद सोनभद्र में नवचयनित 85 लेखपालों के नियुक्ति पत्र का कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री समाज कल्याण व विधायक सदर द्वारा किया गया वितरण वही उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत नियुक्त लेखपालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया, इस मौके पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण को राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौड़, विधायक सदर भूपेश चैबे, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं जनपद के नवचयनित लेखपालों ने देखा।इस अवसर पर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने उपस्थित नवचयनित लेखपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत 7 हजार 720 लेखपालों का चयन किया गया है। जिनको आज प्रदेश स्तर एवं जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है, जनपद सोनभद्र में नवचयनित 85 लेखपालों को बुधवार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जा रहा है, यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पनन करायी गयी है, इस भर्ती प्रक्रिया में किसी भी बिचैलियें की कोई भूमिका नहीं रही है। अभ्यथियों ने कड़ी मेहनत करके परीक्षा की तैयारी और लेखपाल भर्ती परीक्षा में सम्मिलित हुए , उन अभ्यथियों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है, प्रदेश सरकार निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा सम्पनन कराकर युवाओं को रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस दौरान विधायक सदर भूपेश चैबे ने नवचयनित लेखपालों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा जो भी जिम्मेदारी जनपद के राजस्व सम्बन्धी मामलों के निस्तारण हेतु दी जाये, उसका निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करेंगें, जिससे कि आम जनमानस का प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप ससमय समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि समाज के अंतिम पायदान के खड़े व्यक्तियों को समय से न्याय मिल सके और उनकी समस्याओं का निस्तारण भी गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये, जिससे कि वह तत्काल सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो सके।



# जड़ी बूटी से बनी औषधीय हवन सामग्री से दी जा रही आहुति

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**रामगढ़,सोनभद्र।** रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहे नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ के पांचवें दिन बुधवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा परिसर गुंजायमान रहा। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ एवं गरीब कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षक सुशीला पाठक समेत समाज सेवा कार्य करने वाली 21 महिलाओं को 14 जुलाई को एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह एवं उनकी धर्मपतनी जी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यज्ञाचार्य राधेकृष्ण तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य कौशल तिवारी एवं आचार्य रेवती रमण तिवारी के जरिए मारुति नंदन महायज्ञ कार्यक्रम संपनन कराया जा रहा है। भिखारी बाबा ने बताया कि जड़ी बूटी से बनी औषधीय हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी जा रही है, ताकि वातावरण दूषित न हो और हो रही तरह तरह की संक्रामक बीमारियों से भी लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। विशाल भंडारा में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सत्यनारायण महाराज, हीरा, उर्मिला देवी, परमानंद मौर्य, चिंता मौर्या, रिशिता केसरी, विमला देवी, रजवंती मौर्या, कालो देवी, शांति, संत सूरज महाराज, राजेंदर, मुनन बाबा, सुभराम महाराज आदि लोग मौजूद रहे।



# यातायात पुलिस प्रयागराज एवं नैनी औद्योगिक प्रथिक्षण केन्द्र के संयुक्त प्रयास से चलाया गया यातायात नियम जागरुक्ता अभियान

## घायल का वीडियो बाद मे बनाये पहले उसको अस्पताल पहुॅचाये- पवन कुमार पाण्डेय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी/प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा यातायात जागरूकता के लिए जमुनापार में 10 बोर्ड लगाये गए जिसका उद्घाटन निरीक्षक पवन पांडे ने किया इस अवसर पर पार्षद धरनेश सिंह अरविंद राय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक संघ, श्वेता साहू जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय मानव अपराध नियंत्रण ब्यूरो,वरिष्ठ नागरिक धर्मवीर यादव,रचना त्रिवेद अजय सिंह, यासीन, अभिषेक तिवारी, अमनदीप, रोहित यादव, बीना, निहारिका, सुनिधि नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के संरक्षक श्री महेंद्र अरोड़ा मौजूद रहे डिस्प्ले बोर्ड के उद्घाटन के बाद **मुख्य अतिथि (यातायात निरीक्षक) ने नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक की कार में स्वयं जागरुक्ता स्टीकर लगाकर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया** केंद्र के छात्रों और स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। **पवन पांडे ने बताया कि नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में छात्र बहुत अच्छे नागरिक हैं देश के लिए तैयारी हो रही है। यूपीएसआइए के अध्यक्ष अरविंद राय ने बताया कि नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्र प्रयागराज के सभी उद्योगों में अपनी सेवा दे रहे हैं, ये छात्र औद्योगिक क्षेत्र के लिए सांस का कार्य कर रहे हैं** छविनाथ यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि यहां के छात्र और कार्यक्रम कैरियर उन्मुख हैं जिनमें अच्छे नागरिक विकसित होंगे और अपराध दर में कमी आएगी। **पार्षद धरनेश ने बताते हुए कहा कि केन्द्र स्थानीय क्षेत्र के लिए बहुत ही लाभदायक है जिसके यहां क्षेत्र का विकास तेजी से होगा।** उमेश यादव जी ने बताया कि यहां के बहुत से स्टूडेंट्स उनके अक्सर इंडस्ट्रीज से निकलते हुए मिलते है, जिससे उनको इस सेंटर मे गर्व महसूस होता है। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के छात्रों ने शपथ ली कि वे हमेशा यातायात नियमों का पालन करेंगे और जागरूकता फैलाएंगे। विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बन कर ट्रैफिक नियमो का पालन करने की शपथ **नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है - कुंवर सिंह।** इस कार्यक्रम में कॉलेज के अधिकारियों का एक दल उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र के बाहर प्रशिक्षण नियम लागू करने को लेकर एक अभियान चलाया जिसमें उन्होंने बोर्ड लगा कर लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाग लिया तथा पांडे जी ट्रैफिक इंस्पेक्टर, मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहे केन्द्रे के बहार सभी ने वृक्षारोपण कर वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखने की बात कही मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है। यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते है कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया।












यातायात नियमो का पालन करें- पवन कुमार पाण्डे
सौजन्य- आधुनिक समाचार नेटर्वक

# सपा विधायक इरफान सोलंकी मामले की सुनवाई अब 18 जुलाई को

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में आठ नवंबर 2022 को इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो.शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो.एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी इसपा के निर्वतमान विधायक इरफान सोलंकी के केस की सुनवाई बुधवार को टल गई। हाईकोर्ट में वकीलों की हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई को टाल दिया गया। अब मुकदमे की सुनवाई 18 जुलाई को होगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की अदालत में चल रही है।

## न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता, समस्याओं का निस्तारण न होने पर फूटा गुस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** अधिवक्ताओं का आरोप है कि मुकदमों को रिवाइज करने की पुरानी पद्धति को न मानकर मनमानी की जा रही है। हाईकोर्ट रूल्स में बिना संशोधन के फाइलिंग और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में बदलाव किया जा रहा है। लाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। यह निणय इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण नहीं होने पर लिया है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि मुकदमों को रिवाइज करने की पुरानी पद्धति को न मानकर मनमानी की जा रही है। हाईकोर्ट रूल्स में बिना संशोधन के फाइलिंग और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में बदलाव किया जा रहा है।















# विविध






# भारत

## संक्षिप्त समाचार

### 40 रॉकेट के खिलाफ इजरायल ने हिजबुल्लाह पर लिया बड़ा एक्शन

**यरुशलम।** इजरायल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच तनाव खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। ये टकराव बढ़ता ही जा रहा है, हिजबुल्लाह ने हाल ही में इजराइल पर 40 से ज्यादा रॉकेट से हमला किया था। अब इजरायल के विमान ने जवाब में हिजबुल्लाह साइट



पर हमला किया है। गोलान पर 40 रॉकेट दागे जाने के बाद इजरायली वायु सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह पर हमला किया। इजरायली सेना ने इसकी जानकारी दी है। लेबनान के हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 40 से ज्यादा रॉकेट दागे थे। अब इजरायल ने हिजबुल्लाह के एयर डिफेंस सिस्टम पर हमला करके इसका जवाब दिया है। बता दें कि गोलान पर 40 रॉकेट दागे जाने के बाद इजरायली वायु सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह पर हमला किया है। बताया जा रहा है दोनों के बीच चल रही लड़ाई जल्द ही जंग में तब्दील ले सकती है। इजरायली सेना ने हमले के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वह हिजबुल्लाह के एयर डिफेंस सिस्टम को टारगेट कर रहा था। हालांकि अभी तक घटना में किसी के जख्मी होने की खबर सामने नहीं आई है। बता दें कि इससे पहले इजरायल ने पिछले हफ्ते लेबनान के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में हमले किए थे। बता दें कि इसके अलावा हिजबुल्लाह ने इजरायल पर करीब 20 ड्रोन से हमला किया था। हमले में इजराइल के कई मिलिट्री बेस को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना ने कहा था कि कुछ मिसाइलें लेबनान से उनके इलाके में आकर गिरीं। इनमें से कई को रोक दिया गया, लेकिन कई गिर गईं।

## मुस्लिम महिला भी पति से मांग सकती है गुजारा भत्ता, कोर्ट ने सुनाया 'सुप्रीम' फैसला; सीआरपीसी की धारा 125 का दिया हवाला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (10 जुलाई) को एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 125 के तहत मुस्लिम तलाकशुदा महिलाएं भी अपने पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने आज इस मामले पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि यह कानून हर धर्म की महिलाओं के लिए लागू होता है। मुस्लिम तलाकशुदा महिला भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारे भत्ते के लिए अपने पति के खिलाफ याचिका दायर कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने आज इस मामले पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि यह कानून हर धर्म की महिलाओं के लिए लागू होता है। सीआरपीसी की धारा 125 में पतने संतान और माता-पिता के भरण-पोषण को लेकर जानकारी दी गई है बता दें कि जस्टिस बीवी नागरतन और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने इस मामले पर सुनवाई की। दोनों जजों ने अलग-अलग फैसले सुनाए तेलंगाना हाईकोर्ट ने मोहम्मद अब्दुल



समद को अपनी तलाकशुदा पतने को हर महीने 10 हजार रुपये गुजारा भत्ता देने के आदेश दिया था, जिसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। मोहम्मद अब्दुल समद नाम के शख्स ने याचिका दायर की थी। याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की हकदार नहीं है और उसे मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों को लागू करना होगा।सीआरपीसी की धारा 125 में पतने, संतान और माता-पिता के भरण-पोषण को लेकर जानकारी दी गई है। इस धारा के अनुसार पति, पिता या बच्चों पर आश्रित पतने, मां-बाप या बच्चे गुजारे-भत्ते का दावा तभी कर सकते हैं जब उनके पास अजीविका का कोई साधन नहीं हो।बता दें कि मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता नहीं मिल पाता है। अगर गुजारा भत्ता मिलता भी है तो सिर्फ इद्दत तक। दरअसल, इद्दत एक इस्लामिक परंपरा है, जिसके अनुसार, अगर किसी महिला को उसके पति ने तलाक दे दिया तो वो महिला इद्दत की अवधि तक शादी नहीं कर सकती है। इद्दत की अवधि तीन महीने तक रहती है।

## बेहद दुखद राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्नाव हादसे पर जताया दुख; घटना में हुई 18 की मौत और करीब 30 घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के उनन्व जिले में आज सुबह एक डबल डेकर बस दूध के टैंकर से टकरा गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत



हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसे पर कई नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त किया है। बिहार के मोतिहारी से दिल्ली जा रही बस का आज सुबह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हुई है और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी शोक जताया है। मुर्मु ने कहा कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे 'बेहद दुखद' बताया। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उत्तर प्रदेश के उनन्व में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के उनन्व जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर एक डबल डेकर स्लीपर बस के दूध के कंटेनर से टकरा जाने से 18 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह 5:15 बजे हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और जिला प्रशासन को घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।एक्स पर सीएम आदित्यनाथ ने कहा, उनन्व जिले में सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मैं प्रभु श्री राम से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। डबल डेकर स्लीपर बस बिहार के सीतामणी से दिल्ली जा रही थी, तभी बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के पास आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर उसने दूध के टैंकर को पीछे से टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर बांगरमऊ के क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी घायलों से मिलने उनन्व के अस्पताल पहुंचे।

## मिस से मिस्टर आईआरएस अधिकारी ने बदला जेंडर, नए नाम पर केंद्र ने भी लगा दी मुहर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंडियन रेवेन्यू सर्विस की सीनियर अधिकारी एम. अनुसूया ने भारत के सिविल सेवा के इतिहास को बदलकर रख दिया। जी हां, अपना लिंग परिवर्तन करवाकर अब वह एम अनुकतिर सूर्या बन चुकी हैं। भारत सरकार ने अधिकारी के नाम और लिंग आधिकारिक तौर पर बदलने की अपील को मंजूरी दे दी है। किसी अधिकारी को इस तरह की मंजूरी और इजाजत मिलना भारतीय सिविल सेवा के इतिहास में पहली बार हुआ है। भारत सिविल सेवा के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी अधिकारी के नाम और लिंग को आधिकारिक तौर पर बदलने की अपील को मंजूदी दे दी है। दरअसल इंडियन रेवेन्यू सर्विस की सीनियर अधिकारी एम. अनुसूया ने अपना लिंग परिवर्तन करवाया हैं। इसी के साथ अब वह हमेशा के लिए एम अनुकतिर सूर्या बन चुकी हैं। आपको बता दें कि एम अनुसूया हैदराबाद में कस्टम्स एक्साइज एंड सर्विस टैक्स अपीलीय न्यायाधिकरणके चीफ कमिशन्र ऑफिस में ज्वाइंट कमिशन्र के रूप



में तैनात हैं। वह 35 साल की हैं। दरअसल, 2013 बैच की आईआरएस अधिकारी एम अनुसूया ने वित्त मंत्रालय को एक याचिका सौंपी थी, जिसमें उन्होंने अपना नाम और लिंग बदलने के लिए सरकार से मंजूरी मांगी थी। इस याचिका में उन्होंने मिस एम अनुसूया से बदलकर मिस्टर एम अनुकतिर सूर्या नाम कराने और महिला से पुरुष लिंग बदलने की मांग की थी। सूर्या के लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2013 में चेनन्ई से बतौर असिस्टेंट कमिशन्र के तौर पर शुरू की थी। इसके बाद 2018 में वह डिप्टी कमिशन्र की पद पर रहे। पिछले साल उन्होंने हैदराबाद में ज्वाइंट कमिशन्र के तौर पर कार्य शुरू किया बात करें शिक्षा की तो सूर्या ने अपना ग्रेजुएशन चेनन्ई के मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनेलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन से की है। वहीं, साइबर लॉ और साइबर फॉरेंसिक में उन्होंने अपना पीजी डिप्लोमा किया। वरिष्ठ ध्ंए अधिकारियों ने इसे एक प्रगतिशील कदम बताया है। अधिकारियों के मुताबिक, सरकार के इस फैसले से सरकारी नौकरियों में लैंगिक समानता को एक सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है।

### बैंकिंग सेक्टर की अच्छी वित्तीय स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में होगी मददगार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जानकीरमन ने बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय स्थिति को लेकर अपनी बात रखी। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जानकीरमन ने बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय स्थिति को लेकर अपना मत रखा। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेक्टर वित्तीय मापदंडों के मामले में दशक के उच्चतम स्तर पर है। बैंकिंग सेक्टर की यह अच्छी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैंकिंग सेक्टर की यह स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेक्टर वित्तीय मापदंडों के मामले में दशक के उच्चतम स्तर पर है। बैंकिंग सेक्टर की यह अच्छी स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को समर्थन देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वाणिज्यिक बैंकों और सभी भारतीय वित्तीय संस्थानों के मुख्य वित्तीय अधिकारियों और दूसरे अधिकारियों को एक सम्मेलन में संबोधित करते हुए, डिप्टी गवर्नर ने कहा कि रिजर्व बैंक ने ऑडिटिंग प्रॉसेस को बेहतर बनाने के लिए कई पहल शुरू की है।

## 'डीएमके शासनकाल में तमिलनाडु में बढ़ा दलित उत्पीड़न', भाजपा ने राहुल गांधी पर लगाए आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** द्रमुक सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए भाजपा ने आरोप लगाया है कि इनके कार्यकाल में





तमिलनाडु में दलित उत्पीड़न की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। प्रति वर्ष दो हजार से अधिक मुकदमे ऐसे घटनाओं के दर्ज हो रहे हैं। पार्टी का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और मानवाधिकार आयोग से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगा। तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद बसपा प्रमुख मायावती ने दलित उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। अब भाजपा ने भी इस घटना को उठाते हुए आरोप लगाया है कि राज्य में दलितों के साथ हर तरह से अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी से पूछा- हाथरस जाते हैं लेकिन तमिलनाडु का रास्ता क्यों भूल जाते हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। पूछा है कि राहुल हाथरस तो जाते हैं, लेकिन तमिलनाडु का रास्ता क्यों भूल गए? तमिलनाडु में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष टी. आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद वहां का दौरा कर बसपा प्रमुख मायावती ने दलित उत्पीड़न का मुद्दा उठाया। अब भाजपा ने भी इस घटना को उठाते हुए आरोप लगाया है कि राज्य में दलितों के साथ हर तरह से अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि हुई है। भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री मुरुगन ने कहा कि तीन साल से जब से स्टालिन सरकार आई है, तब से प्रतिवर्ष दो हजार से अधिक मुकदमे दलित उत्पीड़न के दर्ज हो रहे हैं। हाल ही में हुए जहरीली शराब कांड में अनुसूचित जाति के 40 लोगों (कुल मृत्यु 70) की मौत का मामला याद दिलाया।साथ ही कहा कि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष की भी दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। इसके अलावा इस वर्ग के साथ जातिगत भेदभाव, शारीरिक उत्पीड़न की घटनाएं हो रही हैं। 2022 में आई एक संस्था की रिपोर्ट का हवाला दिया कि अनुसूचित जाति के 22 पंचायत अध्यक्षों को उनके कार्यालयों में कुर्सी तक उपलब्ध नहीं कराई जाती।

## अप्राकृतिक यौन संबंध के आरोपी सूरज रेवन्ना को बड़ा झटका, कोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक की एक अदालत ने मंगलवार को अप्राकृतिक यौन संबंध मामले में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और जेडीएस एमएलसी सूरज रेवनन की जमानत याचिका खारिज कर दी। यह आदेश 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने सुनाया है। मंगलवार को अदालत ने होलेनरसीपुरा पुलिस



स्टेशन में दर्ज मामले में सूरज रेवनन के वकील द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने जेडीएस एमएलसी सूरज रेवनन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। सूरज अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। 22 जून को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। 18 जुलाई तक सूरज न्यायिक हिरासत में हैं। सूरज रेवनन पर उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ता ने जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। जेडीएस कार्यकर्ताओं के साथ जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप का सामना कर रहे सूरज रेवनन 18 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। पीडि़ति ने होलेनरसीपुरा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसके बाद से सीआईडी की विशेष जांच दल (एघ्ऋ) सूरज के खिलाफ जांच में जुटा है। बता दें कि 22 जून को सूरज रेवनन को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने मामले को सीआईडी ??की विशेष शाखा को सौंप दिया था। सूरज रेवनन के भाई और जेडीएस के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवनन भी सेक्स वीडियो कांड मामले में अभी जेल में हैं। उनके पिता और जेडीएस विधायक एचडी रेवनन को वीडियो कांड से जुड़े अपहरण मामले में गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में उन्हें सशर्त जमानत मिल गई थी। मां भवानी रेवनन भी सशर्त जमानत पर बाहर हैं।

## यूपी-बिहार में बाढ़ से मुसीबत तो पहाड़ी राज्यों में खिली धूप, मुश्किल में फंसे लोगों का सहारा बनी सेना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में मंगलवार को मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिले। उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार में जहां बाढ़ मुसीबत बनी, वहीं पहाड़ी राज्यों में धूप खिली। ग्रामीणों को बाहर निकाला गया। ये सभी छत पर शरण लिए थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जायजा लेने बुधवार को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी पहुंच सकते हैं। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को



उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में तो बाढ़ पीडि़तों को राहत देने के लिए सेना का सहयोग लेना पड़ा है। बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को सेना ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जायजा लेने बुधवार को पीलीभीत और लखीमपुर खीरी पहुंच सकते हैं। बिहार में नदियों के जलस्तर में मंगलवार को कई इलाकों में वृद्धि हुई तो कई जगहों पर कमी आई है। बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को सेना ने हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला। वर्षा से बरेली-पीलीभीत और शाहजहांपुर रेलखंड कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया। इन रूटों पर ट्रेन संचालन बंद कर दिया गया है। बिहार में लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। नदियों में उफान से उत्तर प्रदेश में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया। राप्ती, सरयू और शारदा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही हैं। पीलीभीत में निरंतर वर्षा और उत्तराखंड के वनबसा बैराज से छोड़े गए पानी से जिले के कई गांव डूब गए हैं। गांव बिनौरा ताल्लुके गजरौला में फंसे लोगों को निकालने के लिए सेना की मदद ली गई। बरेली से आए सेना के हेलीकॉप्टर ने सात कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा हुई। इस दौरान वज्रपात की घटनाओं में 10 लोगों की जान चली गई। बिहार में नदियों के जलस्तर में मंगलवार को कई इलाकों में वृद्धि हुई तो कई जगहों पर कमी आई है। बेतिया के नौ गांवों के 300 घरों में बाढ़ का पानी घुसा है। योगापट्टी दियारे के 150 घरों में तीसरे दिन भी बाढ़ का पानी नहीं निकला।नौतन के करीब 200 परिवार बाढ़ में घिरे हुए हैं। उनको सुरक्षित ठिकाने पर पहुंचाने के लिए आपदा मित्रों की टीम लगाई गई है। मधुबनी में कमला बलान नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। वाल्मीकि नगर बराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से मोतिहारी के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कश्मीर में प्रचंड गर्मी ने फिर से पारा चढ़ा दिया है। श्रीनगर समेत घाटी के अधिकांश इलाकों में मौसम शुष्क रहा। पूरे दिन तपिश रही। चटक धूप से लोग बेहाल रहे। श्रीनगर में अधिक तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, जम्मू में मंगलवार को आधी रात के बाद भारी वर्षा हुई। इससे जनजीवन को काफी राहत मिली।

## विकसित भारत के लक्ष्य में शिक्षा अहम पहलू धर्मेंद्र प्रधान ने राज्यों को केंद्र के साथ मिलकर काम करने की दी सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ङ्ग) को लागू हुए चार साल पूरे होने वाले हैं। ऐसे में शिक्षा मंत्रालय ने इसके अमल की समीक्षा शुरू कर दी है। राज्यों के साथ ही इसे लेकर दो दिन की अहम बैठक रखी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राज्यों से कहा कि वह था। इसके पहले सत्र को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संबोधित किया और राज्यों से कहा कि वह अपने राजनीतिक मतभेदों को भूलकर बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखे और साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के जो लक्ष्य है, उनमें शिक्षा एक अहम पहलू है। ऐसे में सभी



अपने राजनीतिक मतभेदों को भूलकर बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखे और साथ मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के जो लक्ष्य हैउनमें शिक्षा एक अहम पहलू है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को योग्यता आधारित बनाने पर जोर दिया। मालूम हो कि देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 29 जुलाई 2020 को लागू किया गया को मिलकर शिक्षा के समग्र विकास के लिए काम करना होगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अमल सहित अगले सौ दिन और पांच साल के एजेंडे पर भी इस दौरान राज्यों के साथ चर्चा हुई। प्रधान ने राज्यों से एनईपी के तहत बच्चों को मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा देने की भी इस दौरान सलाह दी। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को योग्यता आधारित बनाने पर जोर दिया। साथ ही कहा यह सभी संभव है जब सभी को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले। प्रधान ने नीति के आने के बाद पिछले चार सालों में शिक्षा के क्षेत्र में आए सुधार का जिक्र किया और कहा कि देश में शिक्षा के इकोसिस्टम में इस दौरान जबरदस्त प्रगति की है। प्रधान ने राज्यों से मतभेदों को भूलकर साथ मिलकर काम करने पर जोर तब दिया है, जब पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली जैसे राज्य एनईपी की सिफारिशों को अपनाने से बच रहे है। वह उसके अनुरूप अपनी अलग व्यवस्था खड़ा कर रहे है। इन राज्यों ने पीएम-श्री स्कूलों को लेकर भी अपनी सहमति नहीं दी है।राज्यों के साथ ही मंगलवार से शुरू हुई दो दिन की इस अमल बैठक में राज्यों से अपने यहां शिक्षा में सुधार को लेकर अपनाए गए कदमों को साझा करने के लिए कहा गया है। प्रधान ने राज्यों को भरोसा दिया है कि वह उनके अच्छे सुधारों को दूसरे राज्यों को भी अपनाने का सुझाव देंगे। इस दौरान राज्यों में शिक्षा के ढांचे को मजबूती देने और जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों को मजबूती देने पर भी चर्चा होगी।बैठक को स्कूली शिक्षा सचिव संजय कुमार ने भी संबोधित किया है। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के भी वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद है। देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को 29 जुलाई 2020 को लागू किया गया था।

## 'व्यर्थ नहीं जाएगा बलिदान', कठुआ हमले पर केंद्र का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में सैन्य वाहनों पर आतंकी हमले की घटना को केंद्र सरकार ने गंभीरता से लिया है और आतंकियों को सख्त चेतावनी दी है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने मंगलवार को कहा कि पांचों सैन्य जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी। इनकी मौत का बदला लिया जाएगा। भारत इस हमले के पीछे की बुरी ताकतों को किसी कीमत पर छोड़ेगा नहीं। केंद्र सरकार ने कठुआ हमले का बदला लेने की बात कही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया है। सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि कठुआ हमले में पांच जवानों ने बलिदान दिया और पांच अन्य घायल हुए हैं। कांग्रेस ने कहा कि जम्मू क्षेत्र आतंकी गतिविधियों का नया केंद्र बन गया है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बल क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सोमवार को कठुआ के बदनोता इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक गुट ने गश्ती दल पर घात लगा हमला किया था। इस हमले में पांच सैन्यकर्मी बलिदान जबकि पांच अन्य घायल हुए थे। आतंकवादियों की तलाश में बड़े पैमाने पर सर्च अभियान चल रहा है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर कहा- ''कठुआ के बदनोता में आतंकी हमले में हमारे पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की शहादत पर मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, राष्ट्र इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है और हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# स्पोर्ट्स



स्मृति मंधाना ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ पूरे किए 5 साल इस सोशल मीडिया पोस्ट से सबकुछ हो रहा क्लियर



## टी20 विश्व कप 2024 में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में मचा घमासान, पीसीबी ने इन 2 दिग्गजों को चयन समिति से किया बर्खास्त


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम का टी20 विश्व कप 2024 में प्रदर्शन खराब रहा था। टीम ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई थी। बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान की टीम अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही और इस ग्रुप में भारत और मेजबान अमेरिका शीर्ष पर रहे थे। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को पीसीबी चयन समिति से बर्खास्त कर दिया गया है। यह नतीजा टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद लिया गया है। रियाज और रज्जाक उस सात सदस्यीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसने टीम का चयन किया था जो टी20 विश्व कप 2024 खेलने वेस्टइंडीज गई था ऐसे में टूर्नामेंट में लचर प्रदर्शन के बाद पीसीबी एक्शन मोड में नजर आई। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को पीसीबी चयन समिति से बर्खास्त कर दिया गया है टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में अपनी जगह गंवानी पड़ी। रियाज और रज्जाक दोनों उस सात सदस्यीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसने टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम का चयन किया था। समिति को इस अवधि में कोई मुख्य चयनकर्ता नहीं मिला। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चयन समिति के पुनर्गठन की पुष्टि कर दी है और इसके संयोजन पर जल्द ही जानकारी सामने आएगी यह भी बताया जा रहा है कि यह फैसला टूरिंग कमेटी के कई सदस्यों से मिले फीडबैक से भी जुड़ा है, जिसमें मैनेजर, कोच और कप्तान बाबर आजम भी शामिल है इससे पहले पाकिस्तान टीम के पूर्व कप्तान और पीसीबी के पूर्व प्रमुख रमीज राजा ने टीम के चयन की आलोचना की थी। खासकर इमाद वसीम और मोहम्मद आमिर के टीम में शामिल होने को लेकर, जिन्होंने संन्यास से यूटर्न लिया था। इसके अलावा, रियाज़ और रज्जाक का बर्मिंघम में चल रही वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में हिस्सा लेना पीसीबी अधिकारियों को पसंद नहीं आया।



## राहुल द्रविड़ को क्रिकेट एकेडमी में बच्चों ने दिया 'गार्ड ऑफ ऑनर', पूर्व हेड कोच ने फिर किया कुछ ऐसा कि फैंस कर रहे सलाम


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ हाल ही में बेंगलुरु स्थिति एक लोकल क्रिकेट अकादमी पहुंचे, जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। एकेडमी में वहां के स्थानीय युवा खिलाड़ियों ने द्रविड़ के सम्मान में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया भारतीय टीम के हेड कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ का कार्यकाल अब खत्म हो गया है। अपने आखिरी कार्यकाल के आखिरी दिन उन्होंने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जिताई। इसके बाद हाल ही में राहुल द्रविड़ बेंगलुरु के एक लोकल एकेडमी पहुंचे जहां उनका बच्चों ने भव्य स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। द्रविड़ के नेतृत्व में हाल में ही भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप का खिताब जीता था और आईसीसी ट्रॉफी जीतने का 11 साल का लंबा इंतजार समाप्त किया था। हालांकि, टी20 विश्व कप के फाइनल मैच के साथ ही द्रविड़ का मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है। बतौर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ के कार्यकाल में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2024 की ट्रॉफी अपने नाम की। इस टूर्नामेंट के साथ ही राहुल द्रविड़ का बतौर हेड कोच कॉन्ट्रेक्ट समाप्त हुआ। टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रन से मात दी थी। द्रविड़, जिन्होंने अपने पूरे करियर में बतौर प्लेयर कोई आईसीसी का टाइटल नहीं जीता था, आखिरकार उन्होंने कोच बनकर ये सपना भी पूरा किया हेड कोच में अपने ढाई साल के कार्यकाल के आखिरी दिन द्रविड़ को ये शानदार जीत हासिल हुई। वहीं बतौर कोच अपने कार्यकाल के समाप्त होने के बाद राहुल द्रविड़ बेंगलुरु के एक लोकल क्रिकेट एकेडमी गए, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। बच्चों से लेकर स्टाफ तक हर किसी ने राहुल द्रविड़ का तालियों के साथ स्वागत किया और उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। इस दौरान विश्व कप विजेता कोच ने बच्चों को उनके बैट नीचे करने को कहा और उनका धन्यवाद अदा किया। बता दें कि बच्चे अपने बैट हवा में उठाते हुए खास अंदाज में द्रविड़ को गार्ड ऑफ ऑनर दे रहे थे।





## अभिषेक नायर बन सकते बल्लेबाजी कोच, फील्डिंग कोच के तौर पर बरकरार रह सकते टी. दिलीप

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को टी-20 विश्व कप में चैंपियन बनाने वाले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की विरासत अब पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर के हाथों में होगी। कोच गौतम गंभीर इसी माह 27 जुलाई से शुरू हो रहे श्रीलंका दौरे से टीम का दायित्व संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को गौतम गंभीर को भारतीय क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया। गंभीर ने राहुल द्रविड़ की जगह ली है। वह जुलाई के अंत में शुरू होने वाले श्रीलंका दौरे से टीम इंडिया से जुड़ेंगे और उनका कार्यकाल वनडे विश्?व कप 2027 तक रहेगा। फील्डिंग कोच टी. दिलीप पद पर बरकरार रहेंगे। वहीं, उनका कार्यकाल दिसंबर 2027 तक होगा यानी आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर 2027 वनडे विश्व कप तक भारत को चैंपियन बनाने का लक्ष्य लेकर गंभीर टीम से जुड़ेंगे। इस दौरान सर्वप्रथम उनका लक्ष्य अगले वर्ष कप्तान रोहित शर्मा की अगुआई में टीम को पहले चैंपियंस ट्राफी और फिर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में विजेता बनाना होगा। आईपीएल 2024 में मेंटर के रूप में कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं। कप्तान के रूप में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर भारत के लिए अहम मैचों में नायक रहे हैं। 2007 टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे गंभीर ने 2011 वनडे विश्व कप के फाइनल में भी 97 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि गंभीर ने अब अपने सहयोग के लिए कोचिंग दल में बल्लेबाजी कोच के रूप में आईपीएल में केकेआर के बल्लेबाजी कोच रहे अभिषेक नायर और मुंबई इंडियंस के टैलेंट स्काउट और आईएलटी-20 में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजी कोच विनय कुमार को गेंदबाजी कोच बनाने की मांग की है। हालांकि, इसमें अभिषेक पर सहमति बन सकती है। अभी के । । विनय पर बात बनना मुश्किल है। इसकी जगह किसी और नाम पर बीसीसीआई विचार कर रहा है। विश्व कप चैंपियन टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर और गेंदबाजी कोच पारस महांब्रे थे।





## भारतीय महिला टीम ने साउथ अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, पूजा वस्त्राकर बनी प्लेयर ऑफ द सीरीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**चेन्नई।** भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। मैच दक्षिण अफ्रीका ने 12 रन से अपने नाम किया था जबकि दूसरा मैच वर्षा के कारण रद हो गया था। दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध भारत ने एकमात्र टेस्ट में जीत दर्ज की थी जबकि तीन मैचों की




पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने 12 रन से अपने नाम किया था, जबकि दूसरा मैच वर्षा के कारण रद हो गया था। पूजा वस्त्राकर (4/13) और राधा यादव (3/6) की घातक गेंदबाजी के आगे दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम केवल 84 रन पर आउट हो गई। भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। पहला वनडे सीरीज भी अपने नाम की थी। भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से रौंदकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। पहला मैच दक्षिण अफ्रीका ने 12 रन से अपने नाम किया था जबकि दूसरा मैच वर्षा के कारण रद हो गया था। दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध भारत ने एकमात्र टेस्ट में जीत दर्ज की थी जबकि तीन मैचों की वनडे सीरीज भी अपने नाम की थी।

## भारतीय महिला टीम का नाम इतिहास के पन्नों में हुआ दर्ज, 'हरमन ब्रिगेड' ने पहली बार किया ये कारनामा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में एकतरफा अंदाज चेन्नई में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्?लेबाजी की और पूरी टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर ढेर हो गई। जवाब में भारत ने 10.5 ओवर में बिना विकेट गंवाएं मैचों की सीरीज शामिल रही। भारत ने दक्षिण अफ्रीका का वनडे सीरीज में 3-0 से क्?लीन स्?वीप किया था। इसके बाद भारत ने टेस्?ट में भी धमाकेदार प्रदर्शन किया और



में 10 विकेट से पटखनी दी। इसी के साथ भारतीय टीम ने अपना नाम इतिहास के पन्?नों में दर्ज करा लिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्?व वाली भारतीय टीम ने तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच 10 विकेट से जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर की।भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को तीसरे व अंतिम टी20 इंटरनेशनल मैच में 10 विकेट से पटखनी दी। इसी के साथ हरमनप्रीत कौर के नेतृत्?व वाली भारतीय टीम ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी की। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ ही अपना नाम इतिहास के पन्?नों में दर्ज करा लिया है। जानें भारतीय टीम की उपलब्धि। लक्ष्?य हासिल किया। याद दिला दें कि दक्षिण अफ्रीका ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में 12 रन से जीत दर्ज की थी। इसके बाद दूसरा टी20 इंटरनेशनल मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। भारत ने तीसरा मुकाबला जीतकर सीरीज अपने हाथ से फिसलने नहीं दी भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल सीरीज 1-1 से बराबर करके इतिहास रच दिया। यह पहला मौका है जब भारत ने एक दौरे पर किसी भी प्रारूप में सीरीज नहीं गंवाई हो, यानी वह पूरे दौरे पर अजेय रही हो। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पूर्ण दौरा खेला गया था, जिसमें तीन मैचों की वनडे सीरीज, एकमात्र टेस्?ट और तीन टी20 इंटरनेशनल प्रोटियाज टीम को मात दी। इसके बाद भारतीय टीम ने टी20 इंटरनेशनल सीरीज 1-1 से बराबर की और पहली बार ये कारनामा करते हुए रिकॉर्ड अपने नाम किया।भारतीय टीम को तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में जीत दिलाने में प्रमुख भूमिका तेज गेंदबाज ऑलराउंडर पूजा वस्?त्राकर ने निभाई। पूजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे मुकाबले में 3.1 ओवर में केवल 13 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भारतीय महिला गेंदबाज का यह सर्वश्रेष्?ठ टी20 इंटरनेशनल गेंदबाजी प्रदर्शन है। पूजा वस्?त्राकर को प्?लेयर ऑफ द मैच और प्?लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे है

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन्न रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## भारत-जिम्बाब्वे का तीसरा टी20 मैच, कब-कहां और कैसे फ्री में देख सकते हैं फैंस; जानिए पूरी जानकारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी द्विपक्षीय टी20 सीरीज खेलने के लिए जिम्बाब्वे दौरे पर गई हुई है। पांच मैचों की इस टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत को हार झेलनी पड़ी थी। दूसरे टी20 मैच में जबरदस्त वापसी करते हुए भारत ने 100 रन से मैच जीता और सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल की। अब तीसरा टी20 मैच 10 जुलाई को खेला जाना है। पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारतीय टीम ने पहले मैच में जिम्बाब्वे से हार का सामना किया था और फिर दूसरे मैच में भारत ने जीत हासिल कर सीरीज में 1-1 की बराबरी की और अब तीसरा मैच आज यानी 10 जुलाई को भारतीय समयानुसार शाम 430 बजे से खेला जाना है।इस मैच में जीत हासिल करने के इरादे से दोनों टीम मैदान पर उतरेगी। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, जबकि तीसरे टी20 मैच में यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और शिवम दुबे वापसी करते हुए नजर आ सकते हैं। ऐसे में जानते हैं फैंस कब, कहां और कैसे फ्री में भारत-जिम्बाब्वे का तीसरा टी20 मैच देख सकते हैं। भारत और जिम्?बाब्?वे के बीच तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच कितने बजे शुरू होगा भारत और जिम्?बाब्?वे के बीच तीसरा टी20 इंटरनेशनल मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे शुरू होगा। साथ ही टॉस 4 बजे होगा। भारत और जिम्?बाब्?वे के बीच तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच का लाइव प्रसारण कैसे देख सकते हैं भारत के जिम्बाब्वे के बीच टी20 सीरीज के तीसरे टी20 मैच का सीधा लाइव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देखा जा सकता है। मुकाबले का लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 (हिंदी), सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 (तमिल, तेलुगु) और सोनी स्पोर्ट्स टेन 5 (अंग्रेजी) पर किया जाएगा।भारत और जिम्?बाब्?वे के बीच तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच की लाइव स्?ट्रीमिंग कैसे देख सकते हैं भारत-जिम्बाब्वे मैच की लाइव स्?ट्रीमिंग सोनी लिव ऐप पर उपलब्?ध रहेगी। इसके अलावा मैच से जुड़ी हर अपडेट आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पर देख सकते हैं। शुभमन गिल (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिशनेई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, संजू सैमसन, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल।




# सम्पादकीय

## बांस तोड़ेगा जलवायु परिवर्तन का कुचक्र

एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में बांस के जंगल प्रति वर्ष लगभग 12 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड सोख सकते हैं। जलवायु परिवर्तन सबसे गंभीर वैश्विक मुद्दों में से एक है, जो दुनिया भर के पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्थाओं और समुदायों को प्रभावित कर रहा है। जैसे-जैसे विभिनन्न देश कार्बन उत्सर्जन को कम करने और कार्बन पृथक्करण बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, बांस एक आशाजनक समाधान के रूप में उभर रहा है। अपनी तीव्र वृद्धि, उच्च बायोमास उत्पादन और कार्बन पृथक्करण क्षमताओं के कारण बांस जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटने का अवसर दे सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि बांस पारंपरिक पेड़ों की तुलना में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड सोख सकते हैं। यह कार्बन पौधे के तने, पत्तियों और जड़ों सहित बायोमास में जमा होता है। इसके अतिरिक्त, बांस की व्यापक जड़ प्रणाली मिट्टी को स्थिर करने और कटाव को रोकने में मदद करती है, जिससे कार्बन के प्राकृतिक भंडारण में भी मदद मिलती है। बांस का उच्च बायोमास उत्पादन जलवायु परिवर्तन के शमन का महत्वपूर्ण कारक है। यह बड़ी मात्रा में कार्बनिक पदार्थ का उत्पादन करता है, जिसका उपयोग बायोएनर्जी सहित विभिनन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। बांस के बायोमास को बायोचार में परिवर्तित किया जा सकता है, जो चारकोल का एक रूप है, और सैकड़ों वर्षों तक कार्बन को वायुमंडल से अलग कर सकता है। बांस लकड़ी का एक स्थायी विकल्प प्रदान करता है। इसकी कटाई के बाद इसे दोबारा लगाने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि अपनी जड़ से यह दोबारा उगता है। बांस पारंपरिक वनों पर दबाव भी कम करता है और इस तरह वन और जल संरक्षण में योगदान देता है। दुनिया भर में बांस के जंगल लगभग 3.15 करोड़ हेक्टेयर में फैले हुए हैं। चीन, भारत और म्यांमार प्रमुख बांस उत्पादक देश हैं। कई वैश्विक पहलें जलवायु परिवर्तन के शमन में बांस की भूमिका पर जोर देती हैं। इथियोपिया और घाना जैसे देश अपने पुनर्वनीकरण और भूमि बहाली प्रयासों के तहत बांस की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। कोलंबिया और इक्वाडोर जैसे देश सतत विकास और जलवायु लचीलेपन के लिए बांस को अपनी राष्ट्रीय रणनीतियों में शामिल कर रहे हैं। चीन ने भी जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए बांस की खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े बांस उत्पादकों में से एक है, जहां लगभग 1.4 करोड़ हेक्टेयर बांस के जंगल हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम सहित पूवीत्तर राज्यों में देश के बांस संसाधनों का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा है। केंद्र सरकार के बांस मिशन का उद्देश्य बांस की खेती और इसके टिकाऊ उपयोग को बढ़ावा देना है। भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में बांस के जंगल प्रति वर्ष लगभग 12 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड सोख सकते हैं। यह आंकड़ा भारत के जलवायु परिवर्तन शमन प्रयासों में बांस के संभावित योगदान को दर्शाता है। राष्ट्रीय बांस मिशन (एनबीएम) ग्रामीण समुदायों की आजीविका बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए गैर-वन क्षेत्रों में बांस की खेती को बढ़ावा देता है। विभिनन्न राज्य सरकारों ने बांस की खेती और उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम शुरू किए हैं। बांस की खेती और प्रबंधन के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अतिरिक्त, बांस के कार्बन पृथक्करण को मापने के लिए मानकीकृत पद्धतियों की कमी इसके जलवायु लाभों के मूल्यांकन को जटिल बनाती है। बांस के पारिस्थितिक और आर्थिक लाभों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अनुसंधान में निवेश करना, बांस की खेती, उपयोग और व्यापार को बढ़ावा देने वाली नीतियां बनाना, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों और हितधारकों की क्षमता को बढ़ाना और बांस उत्पादों के लिए बाजार बनाना और विस्तार करना जरूरी है। बांस जलवायु परिवर्तन के शमन के लिए आशाजनक समाधान प्रस्तुत करता है। यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक मूल्यवान संसाधन है। सरकारों, अनुसंधान संस्थानों और समुदायों के ठोस प्रयासों से बांस सतत विकास को बढ़ावा देते हुए वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभा सकता है। बांस की क्षमता का उपयोग करके हम एक हरित जलवायु-प्रिय भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।

## माफी नहीं मिलती, अर्जित करनी पड़ती है; अंतिम लक्ष्य 'अपने जीवन में शांति से रहना' है

माफी नहीं मिलती, अर्जित करनी पड़ती है। किसी ने आपको आहत किया, तो उसे माफ करने का कोई आधार भी 'तो होना चाहिए। माफ करना एक प्रक्रिया है, न कि लक्ष्य। एक रोज ग्रेगरी खेल रही थी कि उसके घुटने में तेज दर्द हुआ। जब उसने अपने माता-पिता को बताया, तो वे चिंतित होने के बजाय उसे डांटने लगे। दरअसल उसके माता-पिता दोनों नौकरी करते थे और दोनों ही बेहद महत्वाकांक्षी थे। ग्रेगरी को इसकी आदत थी। लेकिन घुटने का उसका दर्द बना रहा। उसने दर्द के साथ जीना सीख लिया। दशकों बाद ग्रेगरी को पता चला कि उसके



घुटने के जोड़ में हड्डी का एक टुकड़ा फंसा है, जिसके लिए सर्जरी कराने की जरूरत थी। उसने सर्जरी कराई और अब वह स्वस्थ है। लेकिन वह सोचती है कि माता-पिता की उपेक्षा ने उसे किस हद तक प्रभावित किया। अब ग्रेगरी खुद डॉक्टर है, समझदार है। उसने सोचना शुरू किया कि क्या उसे अपने माता-पिता को माफ कर देना चाहिए। नैतिक मूल्य तो यही कहते हैं कि माफ कर देना ही बेहतर होता है। उसने सोचा कि दरअसल, माफ करना होता क्या है। रॉबर्ट एनराइट जैसे विद्वानों का कहना है कि माफ करना उन लोगों के प्रति अच्छाई दिखाना है, जिन्होंने आपके साथ अच्छा नहीं किया है। लेकिन ग्रेगरी सवाल उठाती हैं कि क्या यह नैतिक धारणा हर स्थिति के लिए सही होती है।गलती, करने वाले को माफ करने से करुणा, उदारता और प्रेम जैसे गुण मजबूत होते हैं। लेकिन जिसने आघात सहा है, उसका क्या? स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी फॉरगिवनेस प्रोजेक्ट के निदेशक और शोधकर्ता फ्रेडरिक लुस्किन का मानना है कि अंतिम लक्ष्य 'अपने जीवन में शांति से रहना' है। शांति के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता डेसमंड टूटू ने एक बार कहा था, माफी के बिना, सद्भाव के बिना हमारा कोई भविष्य नहीं है? तो क्या माफ करने का एक मात्र उद्देश्य यही है कि कड़वाहट से बचा जा सके? अपनी पुस्तक यू डॉन्ट नीड टू फॉरगिवः ट्रॉमा रिकवरी ओन योर ऑन टर्म्स में ग्रेगरी इसी विषय पर चर्चा करेंगी, जो अगले वर्ष प्रकाशित होगी। उनके अनुसार, क्षमा करना एक भावनात्मक प्रक्रिया है, न कि अंतिम लक्ष्य। ग्रेगरी कहती हैं कि यदि आप बेहतर महसूस करें, तो दिल दुखाने वाले को माफ कर दें या अच्छा नहीं लगे, तो माफ नहीं करें। डॉ. लस्किन कहते हैं कि माफी हासिल करनी पड़ती है, यह तत्काल नहीं मिलती। लोगों को शोक से उबरने में समय लगता है। ग्रेगरी ने अपने पिता को माफ नहीं किया है। हालांकि मां के बारे में उनका मानना है कि उनकी परवरिश ठीक से नहीं हुई। वह कहती हैं, कभी-कभी माफ करने से पहले भावनाओं की कई तरह से मरम्मत करनी पड़ती है।



## पेरिस ओलंपिक से पहले फ्रांस के चुनाव नतीजों ने पैदा किया गतिरोध, असल चुनौतियां अब

पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले फ्रांस में चुनावी नतीजों ने एक गतिरोध तो पैदा कर ही दिया है। चूंकि वहां राष्ट्रपति शासन प्रणाली के कारण गठबंधन की कोई संस्कृति नहीं है। ऐसे में, मैक्रों को अब भिनन्न विचारों वाले दलों



के बीच व्यापक सहमति वाले एजेंडे पर श्रमसाध्य बातचीत की बारीकियों को समझना होगा। सोमवार की सुबह फ्रांस दक्षिणपंथियों के प्रभुत्व वाले देश के रूप में नहीं, बल्कि इटली की तरह एक ऐसे देश के रूप में जगा, जहां मुश्किल जोड़-तोड़?के जरिये ही सही, आखिरकार एक व्यावहारिक गठबंधन सरकार बन सकती है। फ्रांस ने संसदीय चुनाव में मरीन ली पेन की प्रवासन-विरोधी पार्टी नेशनल रैली को नकार दिया है, जो राष्ट्रवादी कारनामों के प्रति उनके गहरे प्रतिरोध का एक और प्रदर्शन था। फ्रांस की जनता ने अपनी पहली पसंद के रूप में फिर से उठ खड़े हुए वामपंथ को चुना जरूर है, लेकिन वह भी सरकार बनाने से काफी दूर है। इन स्थितियों ने मैक्रों को मजबूर कर दिया है कि वे सर्वशक्तिमान राष्ट्रपति के बजाय संसद की भी सुनें। पेरिस ओलंपिक का बिगुल बजने में अब तीन हफ्ते से भी कम समय बचा है। अगस्त में समुद्र तटों या पहाड़ों पर जाना फ्रेंच जीवन-शैली की पहचान है। ऐसे में, यही लगता है कि सरकार के गठन की बातचीत शरद ऋतु तक खिंच सकती है, जब फ्रांस को बजट पारित करने के लिए सरकार की जरूरत होगी। फिलहाल फ्रांस में चुनाव के नतीजों ने एक गतिरोध तो पैदा कर ही दिया है। एक उभरता हुआ और विवादास्पद वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट नेशनल असेंबली में 180 सीटें जीतकर पहले स्थान पर है। उसने तुरंत ही मांग की कि राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों को उसे सरकार बनाने के लिए बुलाना चाहिए। साथ ही उसने यह भी कहा है कि वह अगले हफ्ते अपने पसंदीदा प्रधानमंत्री का नाम सामने रखेगा। संविधान के अनुसार, मैक्रों ही प्रधानमंत्री का चुनाव करेंगे। 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में न्यू पॉपुलर फ्रंट को बहुमत से करीब 100 सीटें कम हैं। उसकी जीत के पीछे सिर्फ वामपंथी गठबंधन नहीं था, बल्कि दूसरे चरण के मतदान में मध्यमागिन्यों और वामपंथियों द्वारा नेशनल रैली के खिलाफ 'रिपब्लिकन मोर्चा' बनाने के निणन्य का असर भी दिखा था। इसके बावजूद, जुझारू वामपंथी नेता जीन-ल्यूक मेलेनचॉन ने कहा है कि वह संभावित गठबंधन सहयोगियों से बातचीत नहीं करेंगे, न ही वामपंथी कार्यक्रम में जरा भी बदलाव करेंगे। फ्रांस में राष्ट्रपति शासन प्रणाली के कारण गठबंधन बनाने संबंधी समझौते की कोई संस्कृति नहीं है। मैक्रों को अब राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर भिनन्न विचारों वाले दलों के बीच व्यापक रूप से सहमत एजेंडे पर श्रमसाध्य बातचीत की बारीकियों को समझना होगा। उदाहरण के लिए, न्यू पॉपुलर फ्रंट सेवानिवृत्ति की उम्र को 64 से घटाकर 60 करना चाहता है, जबकि एक साल पहले ही मैक्रों ने काफी संघर्ष के बाद इसे 62 से बढ़ाकर 64 कर दिया था। मैक्रों बजट घाटे को कम करने को प्राथमिकता देना चाहते हैं, जबकि न्यू पॉपुलर फ्रंट न्यूनतम वेतन बढ़ाना चाहता है और ऊर्जा व गैस की कीमतों को स्थिर रखना चाहता है। मैक्रों की सरकार ने इस साल की शुरुआत में एक आव्रजन विधेयक पारित किया था, जिसके तहत विदेशियों को फ्रांस में काम करने, रहने और पढ़ने की अनुमति देने वाले नियमों को सख्त बनाया गया था। जबकि, वामपंथियों ने शरण प्रक्रिया को और अधिक उदार बनाने का संकल्प लिया है। नेशनल असेंबली का तीन बड़े गुटों-वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी-में विभाजन, किसी व्यावहारिक गठबंधन के लिए तत्काल कोई आधार प्रदान नहीं करता। मैक्रों के मध्यमार्गी गुट के पास लगभग 160 सांसद हैं, जो पहले 250 थे, तथा नेशनल रैली और उसके सहयोगियों के पास लगभग 140 सांसद हैं, जो पहले 89 थे। फ्रांस ने एक बार फिर अति दक्षिणपंथियों को सत्ता से दूर रखा, लेकिन आप्रवासन और जीवन-यापन की बढ़ती लागत के प्रति गुस्से के कारण दक्षिणपंथियों को सिरे से खारिज भी नहीं किया है। प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल के साथ सोमवार को बातचीत के बाद मैक्रों ने उनसे देश की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए फिलहाल पद पर बने रहने के लिए कहा है। मैक्रों का कार्यकाल सीमित है और उन्हें 2027 में पद छोड़ना होगा। वह पिछले कुछ दिनों से ज्यादातर चुप हैं, जो असामान्य बात है। हालांकि उनकी पार्टी एक-तिहाई सीटें गंवा चुकी है, लेकिन उनकी वैसी हार नहीं हुई, जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। अपमानित होने से वह बच गए। यह कोई छोटी बात नहीं है। अब उनसे उम्मीद की जा रही है कि वह किसी गठबंधन की संभावनाओं को तलाशने के लिए विभिनन्न दलों से आराम से परामर्श करेंगे। राष्ट्रपति के समक्ष दो चुनौतीपूर्ण विकल्प हैं। एक तो नेशनल रैली के साथ शासन करना, जिसके युवा पार्टी नेता जॉर्डन बार्डेला प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं और दूसरे मेलेनचॉन की पार्टी के साथ सरकार बनाना, जिस पर मैक्रों ने यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया है। वह समाजवादियों और ग्रीन्स के साथ-साथ मुख्यधारा के रूढ़िवादियों सहित उदारवादी वामपंथियों को गठबंधन में शामिल होने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। पिछले महीने यूरोपीय संसद के चुनाव में सोशलिस्ट पार्टी के सफल अभियान का नेतृत्व करने वाले ग्लुक्समैन ने कहा, 'हम एक विभाजित असेंबली में हैं, और इसलिए हमें बचकाने व्यवहार से बचना होगा। इसका मतलब है कि हमें बात करनी होगी, संवाद में शामिल होना होगा और यह मानना होगा कि नेशनल असेंबली सत्ता का केंद्र है।' उन्होंने इसे 'राजनीतिक संस्कृति में एक मौलिक परिवर्तन' बताया। न्यू पॉपुलर फ्रंट की 180 सीटों में से अनुमानतः 75 सीटें फ्रांस अनबोड को मिलेंगी, जबकि लगभग 65 सीटें सोशलिस्टों को, लगभग 33 ग्रीन्स को तथा 10 से भी कम सीटें कम्युनिस्टों को मिलेंगी। जैसा कि ग्लुक्समैन की टिप्पणियों से साफ है, गठबंधन को एक साथ बनाए रखना कठिन होगा। सिद्धांत रूप में, यूरोपीय संसद में गठबंधन बनाने वाले उदारवादी ग्लुक्समैन समाजवादियों, ग्रीन्स, कम्युनिस्टों, मैक्रों के मध्यमार्गी गुट और रिपब्लिकन के लगभग 60 मुख्यधारा के रूढ़िवादी सांसदों के गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हो सकते हैं। लेकिन ग्लुक्समैन का दृष्टिकोण मेलेनचॉन से टकराता है, जो संभावित साझेदारों के साथ बातचीत से इन्कार करते हैं, और वे मैक्रों के भी विरोधी हैं। इसलिए फिलहाल समझौते की कोई संभावना नहीं है। चुनाव के बाद फ्रांस में छाए धुंध से बाहर निकलने का कोई आसान रास्ता नहीं है, जबकि ओलंपिक मशाल 14 जुलाई को बास्तील दिवस पर फ्रांस की राजधानी पहुंचने वाली है।

## संसद में विपक्ष मजबूत, लेकिन सरकार पर खतरा नहीं; नई परिस्थितियों के लिए तैयार रहें पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में दिए गए अपने भाषणों में जितने वादे किए हैं, वे उन्हीं पर टिके रहेंगे। उनके सामने एक मजबूत विपक्ष हैं, न कि सत्तापक्ष के बहुमत से। एक बहुत ही छोटे से प्रशन्न से इसे समझाने की कोशिश करता हूं। जैसे कि 'हमें बिना भोजनावकाश के दलों का काम सिर्फ सदन की मेज थपथपाना है। मोदी अपने मंत्रियों या दोनों सदनों के विपक्षी नेताओं को कोई मौका नहीं देंगे। अपनी





जरूर है, लेकिन वे सरकार को हराने की स्थिति में नहीं हैं। इसलिए सदन में कई तरह की नई परिस्थितियां देखने को मिलेंगी।संसद सत्र के पहले नियमित कार्य दिवसों ने मेरे संदेह की पुष्टि की है। जाहिर है, जहां तक नरेंद्र मोदी की सरकार का सवाल है, संसद के अंदर केवल कुछ दृश्यों के अलावा कुछ भी नहीं बदला है। यह स्पष्ट है कि मोदी ने पूरी दृढ़ता से इस बात का निणन्य कर लिया है कि चुनाव से पहले किए गए दावों और नीतियों पर ही आगे बढ़ा जाएगा। विडंबना यह है कि संसद के दोनों सदनों में मोदी के इसी विचार पर अमल किया जा रहा है। परंपरा तो यह है कि संसद के दोनों सदन सर्वसम्मति से चलते संसद की कार्यवाही जारी रखनी चाहिए?' इस बात का निणन्य पीठासीन पदाधिकारी की अनुमति या सदन के बहुमत से नहीं, बल्कि सर्वसम्मति से होना चाहिए। फिर भी दोनों पीठासीन पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ चर्चा के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। बहुत ही दुख की बात है कि यह पिछली सरकार के पांच सालों की याद दिला रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इरादे संसद के दोनों सदनों में पहली बहस और संसद के बाहर लिए गए फैसलों ने सरकार की मंशा और दिशा को स्पष्ट कर दिया है कि देश सिर्फ एक व्यक्ति के आदेशों पर चलेगा। सदन में दो महत्वपूर्ण घटक (टीडीपी और जेडीयू) के अलावा अन्य छोटे सरकार की सभी गलतियों का ठीकरा जवाहरलाल नेहरू से शुरू कर बाद की कुछ अन्य सरकारों पर फोड़ा जाएगा। भाजपा के प्रवक्ता ट्रोल्स को लेकर बेहद आक्रामक रहेंगे। उन जांच एजेंसियों पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी, जो सरकार के इशारे पर काम करती हैं और उनका काम जारी रहेगा। स्पष्ट रूप से 543 सांसदों वाली लोकसभा में भाजपा के 240 या एनडीए के 292 सांसद मिलकर भी मोदी को नहीं रोक पाए तो बाकी के सांसदों का क्या है। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए चार दिन बहुत कम होते हैं, लेकिन ये शुरुआती संकेत हैं। महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में भाजपा या एनडीए के सांसद बहुत डरे हुए हैं, क्योंकि बहुत जल्द राज्यों में चुनाव होने वाले हैं और उन्हें स्थिति और खराब होने का अंदेशा है। महाराष्ट्र में वर्तमान सरकार का धीरे-धीरे पतन, हरियाणा में कांग्रेस और भाजपा के बीच बराबरी का मुकाबला, इसके अलावा झारखंड हाईकोर्ट द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत देने के फैसले ने इन तीनों राज्यों में इंडी गठबंधन में एक नई जान फूंक दी है। एनडीए/भाजपा को पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड और कर्नाटक में हार का मुंह देखना पड़ा, लेकिन खुशी की बात यह है कि यहां अभी चुनाव नहीं होने वाले हैं। एनडीए/भाजपा केरल और तमिलनाडु में हार गई। दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आसाम, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और गुजरात के एनडीए/भाजपा सांसदों के चेहरों पर एक बड़ी मुस्कान तो थी, लेकिन वे 'गठबंधन' वाले टैग की वजह से शर्मिंदा हैं। उन्हें इस बात का भी अंदेशा है कि यह गठबंधन लंबे समय तक चल पाएगा या नहीं? पहाड़ सी चढ़ाई भाजपा इस बात को अच्छी तरह जानती है कि अजेय पार्टी होने का दावा करने से पहले उसे एक बड़ा पहाड़ चढ़ना है। उसी तरह कांग्रेस को भी भाजपा से ऊंचे पहाड़ पर चढ़ना है। मैं इस बात को बता सकता हूं कि कांग्रेस ने नौ राज्यों में अपनी अधिकतर सीटें जीती हैं, लेकिन 170 सीटों वाले 9 राज्यों में कांग्रेस ने मात्र 4 सीटें जीतीं, जबकि 215 सीटों पर खुद न लड़कर उसने अपने सहयोगियों को उतारा। कांग्रेस और इंडी गठबंधन एक मजबूत विपक्ष के तौर पर है, लेकिन वे सरकार को हराने की स्थिति में नहीं हैं। राजसत्ता की चाबी टीडीपी(16) और जेडीयू (12) के हाथों में है। दोनों ही पाटिन्यां बजट का इंतजार करने के साथ विशेष दर्जा की मांग करते रहेंगे, जबकि उन्हें भी पता है कि मोदी यह नहीं देने वाले हैं। दोनों ही पाटिन्यों को महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में होने वाले चुनाव के नतीजों का इंतजार रहेगा। नीतियों पर अनुमान अनिश्चित राजनीतिक परिस्थितियों का आर्थिक नीतियों से क्या लेना-देना है? मैं कुछ चिंताजनक अनुमान लगा सकता हूं- सरकार इन्कार की मुद्रा में बनी रहेगी। वह बढ़ती बेरोजगारी, विशेष रूप से खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमत और निचले तबके में व्याप्त गरीबी और असमानता की बात से भी इन्कार करती रहेगी। ऐसे में मौजूदा आर्थिक नीतियों में कोई आमूलचूल बदलाव नहीं होगा। सरकार बुनियादी ढांचे और वैनिटी परियोजनाओं में निवेश करना जारी रखेगी। हालांकि बुनियादी ढांचे पर सरकारी व्यय के आर्थिक लाभ हैं, निजी निवेश नहीं होगा और विकास दर मध्यम रहेगी। घालमेल वाले आंकड़ों से इसका बचाव किया जाएगा। सरकार चाइबोल के नेतृत्व वाले विकास के दक्षिण कोरिया मॉडल का पालन करना जारी रखेगी।


## ऐतिहासिक बदलाव की तरफ बढ़ रहा ब्रिटेन सहयोग व नवाचार के सहारे अधिक मजबूत बनने का अवसर

कीर स्टार्मर से उम्मीद है कि भारत-ब्रिटेन संबंध पहले की तरह बने रहेंगे और लेबर पार्टी की नीतियां संभावनाओं के नए द्वार खोलेंगी।लेबर पार्टी और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंध बीसवीं



शताब्दी के प्रारंभ से ही है। 1900 में स्थापित लेबर पार्टी ने अक्सर ब्रिटिश शासन से भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष समेत उपनिवेशवाद-विरोधी आंदोलनों के साथ एकजुटता दिखाई है। रामसे मैकडोनाल्ड जैसे लेबर नेता ब्रिटिश साम्राज्यवाद के मुखर आलोचक थे। जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी जैसे भारतीय नेताओं के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में लेबर पार्टी के समर्थन की अहम भूमिका थी। क्लेमेंट एटली के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार के कार्यकाल के दौरान ही भारत को 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। ब्रिटेन के कई पूर्व प्रधानमंत्रियों के भारत के साथ अच्छे संबंध रहे हैं, जिससे दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध बने। लेबर पार्टी का रुख भी भारत के प्रति सकारात्मक है। कीर स्टार्मर ने चुनाव अभियान के दौरान लगातार ब्रिटेन-भारत संबंधों को बढ़ावा देने, आर्थिक साझेदारी मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग पर जोर देने की प्रतिबद्धता जताई है। चौदह वर्षों के बाद ब्रिटेन में लेबर पार्टी के लिए नए युग की शुरुआत हुई है, जिसने प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की है। लेकिन नई सरकार के समक्ष कठिन चुनौतियां भी हैं, जिनका उसे सामना करना पड़ेगा। ब्रेग्जिट के बाद की वास्तविकताओं से निपटने और कमजोर अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने से लेकर भारत और अमेरिका के साथ नाजुक संबंधों को संभालने तक, लेबर पार्टी की सरकार को कई मोर्चों पर जूझना पड़ सकता है। लेबर पार्टी के कई उम्मीदवारों की जीत में अनिवासी भारतीयों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस चुनाव में ब्रिटेन स्थित 15 लाख अनिवासी भारतीयों की भूमिका उनकी पर्याप्त उपस्थिति एवं समुदाय में सक्रिय भागीदारी के कारण महत्वपूर्ण थी। ब्रिटिश भारतीयों के साथ अनिवासी भारतीय वहां एक प्रभावशाली मतदाता समूह हैं, जो अक्सर ऐसे मुद्दों पर लामबंद होते हैं, जो दोनों देशों के रिश्तों को प्रभावित करते हैं। कीर स्टार्मर और लेबर पार्टी के प्रति समर्थन के संबंध में, विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय मूल के मतदाताओं में लेबर पार्टी के प्रति झुकाव का कारण पार्टी का भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए उसकी पक्षधरता है। निश्चित रूप से कुछ अनिवासी भारतीयों ने अपनी प्राथमिकताओं एवं दृष्टिकोण के आधार पर कंजर्वेटिव एवं अन्य पाटिन्यों का भी समर्थन किया होगा। भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भी आगे बढ़ सकता है, क्योंकि दोनों देशों के बीच इससे संबंधित वार्ता में पहले ही जबर्दस्त प्रगति हो चुकी है। अब जबकि भारत और ब्रिटेन में मैत्रीपूर्ण सरकारें सत्ता में आ चुकी है, इसलिए एफटीए को तार्किक परिणति तक पहुंचाया जा सकता है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला



कृतिका मलिक के पति की वजह से परेशान हुए सिंगर अरमान मलिक, बोले- मेरा उससे कोई लेना-देना नहीं

## विक्की कौशल का तौबा-तौबा देख कटरीना कैफ की बदली सोच, पहले समझती थीं 'बाराती डांसर'


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और पंजाबी सिंगर एमी विर्क की फिल्म बैड न्यूज को रिलीज होने में 10 दिन का वक्त है, लेकिन इससे जमकर प्रमोशन भी कर रहे हैं। इससे पहले 'तौबा तौबा' ने सोशल मीडिया पर जमकर धमाल मचाया। हर किसी की जुबान पर 'तौबा तौबा' ही सुनाई दे रहा है। गाने यह था कि उन्होंने अप्रूव किया। उन्होंने कहा कि अच्छा है और मैं बोला शुक्र है। कटरीना मुझे कहती रहती थीं कि मुझे पता है तुम्हें डांस बहुत पसंद है, लेकिन तुम बाराती




पहले मेकर्स मूवी के एक से बढ़कर एक गाने रिलीज किए जा रहे हैं। मंगलवार को 'बैड न्यूज' का दूसरा गाना 'जानम' रिलीज हुआ। विक्की कौशल एक अच्छे एक्टर के साथ-साथ अच्छे डांसर भी हैं जिसका वह कई बार प्रूफ भी दे चुके हैं। अब एक बार फिर ऐसा ही हुआ हैं। अभिनेता जल्द फिल्म बैड न्यूज में नजर आने वाले हैं। इन दिनों पूरी कास्ट के साथ अपनी मूवी का बोल और विक्की कौशल के डांस मूव्स ने की हर कोई तारीफ कर रहा है। ऐसे में अब अभिनेता ने बताया है कि इस गाने पर पतने कटरीना कैफ का कैसा रिएक्शन था। विक्की कौशल ने टाइम्स नाउ/ ज़ूम से बातचीत में बताया है कि कटरीना ने जब 'तौबा तौबा' गाना देखा तो उन्होंने मेरे डांस को ठपरफेक्टठ बताया। अभिनेता ने आगे कहा कि ''सबसे बड़ा रिलीफ डांसर हो, ट्रेन्ड डांसर नहीं। इस बार वह खुश हैं क्योंकि उन्हें मेरे एक्सप्रेशन्स, मूव्स और एटीट्यूड काफी अच्छा लगा। तृप्ति डिमरी और विक्की कौशल पहली बार के साथ पर्दे पर फिल्म बैड न्यूज में नजर आएंगे। यह फिल्म 19 जुलाई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के निर्देशक राज मेहता है। ये एक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को वास्तविक घटना से प्रेरित बताया जा रहा है।

## घर में घूम रहा जहरीला सांप वीडियो देख फटी यूजर्स की आंखें कहा- सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' में ड्रामे का दौर हर नए एपिसोड के साथ बढ़ता जा रहा है। अरमान हैरत में डाल दिया है। कंट्रोवशिय्ल रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 में इन दिनों कुछ कंटेस्टेंट्स हाईलाइटिंग प्वाइंट बने हैं। अरमान





मलिक और विशाल पांडे का झगड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। कई सेलेब्स ने अब तक अरमान मलिक के खिलाफ अपनी बात रखी है। इस गेम में लवकेश कटारिया भी फंस गए हैं, जिन पर विशाल को उकसाने का आरोप है। बिग बॉस शो सिर्फ इसी बात को लेकर चर्चा में नहीं है, बल्कि एक वीडियो सामने आया है, जिसने यूजर्स को मलिक और विशाल पांडे के बीच का झगड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। लोगों ने अभी इसे लेकर मेकर्स को खरी खोटी सुनाना बंद नहीं किया था कि अब उनके पास एक और वजह है मेकर्स के खिलाफ बोलने के लिए। शो से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा। बिग बॉस ओटीटी 3' से चार कंटेस्टेंटस एलिमिनेट हो चुके हैं। इनमें पायल मलिक पौलमी दास, नीरज गोयत और मुनीषा खटवानी का नाम शामिल है। अब पांचवे एलिमिनेशन पर लोगों की नजर है। हाल ही में बिग बॉस ने लवकेश कटारिया को गेम का रूल ब्रेक करने पर लताड़ लगाई थी। उन्हें बांधकर घर के एक कोने में बैठा दिया गया। लेकिन जिस जगह लवकेश को हथकड़ी पहना कर रखा गया, उसका एक वीडियो सामने आया है। दरअसल, जिस वीडियो को देखने के बाद यूजर्स ने मेकर्स को खरी खोटी सुनाना शुरू किया है, उसमें लवकेश गार्डन एरिया में बैठे नजर आ रहे हैं। थोड़ी ही देर में वहां सांप नजर आता है, जिसे देखने के बाद फैंस का कहना है कि बिग बॉस हाउस में इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो सकती है। वह सांप लवकेश को काट सकता था। इसे देख एक ने कमेंट किया, 'बिग बॉस मेकर्स को शर्म आनी चाहिए।' एक अन्य ने कमेंट किया, 'जियो सिनेमा और बिग बॉस वालों को सुरक्षा से खिलवाड़ करने पर शर्म आनी चाहिए। अब ये कह रहे हैं कि ये फेक वीडियो है।

## 24 साल बाद लौट रही है 'ग्लैडिएटर'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2000 में फैंटसी जॉनर की हॉलीवुड फिल्म ग्लैडिएटर को बड़े पर्दे पर रिलीज किया गया। निर्देशक रिडले स्कॉट की इस फिल्म में उस वक्त सुपरस्टार रसल क्रो ने अपने दमदार अभिनय से हर किसी का दिल जीता और कमाल की कहानी के दम पर ग्लैडिएटर सफल साबित हुई। लंबे वक्त से इस मूवी के सीक्वल को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था और अब ग्लैडिएटर 2 के लेटेस्ट ट्रेलर ने इस चर्चा को और अधिक बढ़ा दिया है। हॉलीवुड की शानदार मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें ग्लैडिएटर का नाम जरूर शामिल होगा। अब करीब 2 दशक के बाद इस मूवी का सीक्वेल आने वाला है। आयरिश अभिनेता पॉल मेस्कल स्टारर इस मूवी का लेटेस्ट ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया है। रसल क्रो की ग्लैडिएटर से इस बार फिल्म में काफी कुछ नया देखने को मिल रहा है। मंगलवार को मेकर्स की तरफ से ग्लैडिएटर पार्ट 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसे देख इस फिल्म के लिए फैंस की बेताबी बढ़ गई है। गौर करने वाली बात है ये पहले पार्ट के मुकाबले ग्लैडिएटर 2 की स्टार कास्ट पूरी तरह से बदल गई है। एक महाकाव्य ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म के आधार पर ग्लैडिएटर 2 का शानदार ट्रेलर सामने आ गया है। 9 जुलाई को पैरामाउंट पिक्चर्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर फिल्म का लेटेस्ट ट्रेलर लॉन्च किया गया है। इस ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि 24 साल बाद आई ग्लैडिएटर की कहानी को नए तरीके से आगे बढ़ाया गया है, जिसमें रोमन सेना के सत्ताधारियों और एक कैदी के बीच खूनी संघर्ष को दिखाया गया है।



हॉलीवुड अभिनेता पॉल मेस्कल एक ग्लैडिएटर के रूप में अपना लोहा मनवाते हुए नजर आ रहे हैं। उनके अलावा सुपरस्टार पेद्रो पास्कल, डेंजल वाशिंगटन,कॉनी नील्सन, ड्जिमोन हाउनसाउ और जेसेफ क्विन जैसे कलाकार ग्लैडिएटर 2 में अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। बता दें कि ग्लैडिएटर के इस सीक्वल का निर्देशन भी रिडले स्कॉर्ट ने किया है। इस ट्रेलर को देखने के साथ ही ग्लैडिएटर पार्ट 2 के लिए फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है और हर कोई इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। मालूम हो कि ये फिल्म 22 नवंबर 2024 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## कभी अटके, तो कभी झटके, रोहित शेट्टी के शो में उड़े टीवा क्वीन शिल्पा शिंदे के तोते

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी अपने स्टंट शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन 14 के साथ एक बार फिर वापसी कर रहे हैं। पिछले काफी वक्त से रोमानिया में शो की शूटिंग चल है, जिसमें एक्ट्रेस करंट से जुड़ा टास्क कर रही होती हैं और इस दौरान उनकी चीखें निकल जाती है। खतरों के खिलाड़ी 14 से सामने आया शिल्पा शिंदा का ये वीडियो हैरान करने वाला है, लेकिन एक्ट्रेस





रही थी। वहीं, अब शो जल्द टीवी पर दस्तक देने वाला है। इस बीच मेकर्स ने एक-एक कर कंटेस्टेंट्स के प्रोमो रिलीज करना शुरू कर दिया है, इनमें अब शिल्पा शिंदे का वीडियो जारी किया गया है। खतरों के खिलाड़ी नए सीजन 14 के साथ धमाकेदार वापसी की तैयारी कर रहा है। इस बार भी रोहित शेट्टी होस्ट बनकर कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाते हुए नजर आएंगे। इस बार खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग रोमानिया के खूबसूरत लोकेशन पर हुई है। अब एक- एक कर शो के प्रोमो भी सामने आने लगे हैं। खतरों के खिलाड़ी 14 के नए प्रोमो में शिल्पा शिंदे चीखते- चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं। एक बात तो तय है कि रोहित शेट्टी के शो ने टीवी की इस क्वीन के तोते उड़ा दिए है। खतरों के खिलाड़ी 14 के प्रोमो की शुरुआत में शिल्पा शिंदे, रोमानिया की सड़कों पर घूमते और चिल करते हुए नजर आती हैं। इसके बाद स्टंट लोकेशन से उनकी क्लिप सामने आती के फैंस के लिए उनका ये साइड देखना जरूर एंटरटेनिंग होगा। के खिलाड़ी 14 के प्रोमो की शुरुआत में शिल्पा शिंदे, रोमानिया की सड़कों पर घूमते और चिल करते हुए नजर आती हैं। इसके बाद स्टंट लोकेशन से उनकी क्लिप सामने आती है, जिसमें एक्ट्रेस करंट से जुड़ा टास्क कर रही होती हैं और इस दौरान उनकी चीखें निकल जाती है। खतरों के खिलाड़ी 14 से सामने आया शिल्पा शिंदा का ये वीडियो हैरान करने वाला है, लेकिन एक्ट्रेस के फैंस के लिए उनका ये साइड देखना जरूर एंटरटेनिंग होगा। खतरों के खिलाड़ी 14 के मेकर्स एक- एक कर अपने कंटेस्टेंट्स के चेहरे से पर्दा उठा रहे हैं। शिल्पा शिंदे के अलावा शो से अब तक निमृत कौर अहलूवालिया, करणवीर मेहरा, सुमोना चक्रवर्ती और गश्मीर महाजनी के वीडियो सामने आ चुके हैं। खतरों के खिलाड़ी 14 के प्रोमो में ये सभी एक से बढ़कर एक खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आए।

## कल्कि' पर मंगल भारी, फिल्म ने 13वें दिन किया सिर्फ इतना बिजनेस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म कल्कि 2898 एडी (र्ख्त्व्‌ 2898र्ं३) का बज अभी खत्म को मंदा रहा। जानिए 13वें दिन का कलेक्शन। प्रभास कमल हासन, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज कलाकारों से




होने का नाम नहीं ले रहा है। चार साल में बनकर तैयार हुई कल्कि एक साई-फाई माइथोलॉजिकल थ्रिलर है, जिसकी कहानी अश्वत्थामा को मिले श्राप और कल्कि के जन्म के ईर्द-गिर्द घूमती है। शानदार सस्पेंस ने दर्शकों को इंप्रेस कर दिया है और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमकर नोट छाप रही है। लेटेस्ट मूवी कल्कि 2898 एडी तेज स्पीड में ताबड़तोड़ नोट छापने वाली फिल्म बन गई है। दो हफ्ते में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। मगर हफ्ता फिल्म को जरा झटका दे रहा है। शानदार ओपनिंग करने वाली फिल्म का बिजनेस मंगलवार सजी कल्कि 2898 एडी इस साल की सबसे बड़ी ओपनर रही। गदर 2, जवान और एनिमल से ज्यादा कल्कि का ओपनिंग डे कलेक्शन रहा। दो वीकेंड में धुआंधार कमाई करने के बाद दूसरा सोमवार फिल्म के लिए थोड़ा मंदा रहा और मंगलवार का कलेक्शन उससे भी कम। दूसरे रविवार को कल्कि 2898 एडी ने जबरदस्त कारोबार किया था। फिल्म के खाते में सिंगल डे 44 करोड़ आये थे। मगर सोमवार को बंटाधार हो गया। प्रभास स्टारर मूवी ने दूसरे सोमवार यानी 12वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 10.4 करोड़ रुपये कमाये और मंगलवार को फिल्म का शुरुआती बिजनेस उससे भी कम है।

## कान्ये वेस्ट की एक्स गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस जूलिया फॉक्स ने खुद को बताया लेस्बियन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इटैलियन-अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस जूलिया फॉक्स अपनी प्रोफेशनल लाइफ के कई ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुखियों में रही हैं। एक्ट्रेस का डेट किया था। अब एक बार फिर एक्ट्रेस सुखियों में हैं और इसका कारण है उनका लेस्बियन होना। जी हां, जूलिया फॉक्स ने खुद इसका खुलासा किया है कि वह लेस्बियन हैं। अपने बोल्ड और हॉट एक्ट्रेस ने ने कहा, अरे, वह मैं थी। मैं एक लेस्बियन हूं। मैं सभी लड़कों से सॉरी बोलती हूं और दोबारा ऐसा नहीं होगा। किम से तलाक के बाद कान्ये वेस्ट ने जूलिया फॉक्स को दो साल तक डेट किया था। दोनों



नाम हॉलीवुड के मशहूर सिंगर और किम कार्दशियन के एक्स हसबैंड कान्ये वेस्ट से जुड़ा था। 34 साल की अमेरिकन एक्ट्रेस और मॉडल जूलिया फॉक्स ने सोशल मीडिया पर फैंस के लिए हैरान करने वाली खबर शेयर की है। जूलिया फॉक्स सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज के चलते हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब उन्होंने बताया है कि वह लेस्बियन हैं। बता देंउन्होंने किम कार्दशियन के एक्स हसबैंड कान्ये वेस्ट को भी डेट किया था। दोनों ने सालों तक एक-दूसरे को लुक्स के लिए हमेशा चर्चा में रहने वाली जूलिया फॉक्स के फैंस के लिए एक हैरानी करने वाली खबर सामने आई हैं। 'मिरर.को.यूके' की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने दावा किया है कि वह लेस्बियन है। एक यूजर के टिकटॉक पर वीडियो साझा किया है और लिखा है- ''मुझे अच्छा लगता है जब मैं किसी लेस्बियन को उसके ब्वॉयफ्रेंड के साथ देखता हूं। यह ऐसा है जैसे 'ओह, आप उस आदमी से नफरत करते हैं। आप सचमुच उससे नफरत करते हैं। इस वीडियो पर को कई बार इवेंट और डिनर डेट पर साथ देखा गया था। दोनों की फोटोज फैन पेज पर भी शेयर की जाती थी, लेकिन ये रिश्ता महज 2 साल तक ही चल पाया। अपने आप को लेस्बियन बताने वाली फॉक्स तलाकशुदा भी हैं। उन्होंने साल 2018 पायलट पीटर आर्टेमिएव से शादी की थी और साल 2020 में दोनों का तलाक हो गया। इतना ही नहीं एक्ट्रेस एक बेटे की मां भी हैं। उन्होंने 2021 में बेटे वैलेंटिनो को जन्म दिया था।

## मंगल बाजार से लिपस्टिक-क्लूचर चोरी करती थीं कृतिका मलिक, एक दिन सरेआम खुल गई पोल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 कृतिका मलिक पिछले कुछ दिनों से चर्चा बटोर रही हैं। शो के हालिया एपिसोड में उनके पति अरमान मलिक का विशाल पांडे से झगड़ा हो गया था। बात इतनी बढ़ चुराया करती थीं। कृतिका मलिक ने बिग बॉस ओटीटी 3 में बताया कि वो अपनी बहन के साथ दिल्ली के मंगल बाजार जाया करती थीं और वहां से चीजे चोरी करके लाती थीं। खुद के साथ- साथ बहन के लिए भी सामान चोरी करती थीं, हाथ निकाला और इयररिंग्स को निकाल लिया और ऐसे करके जेब में डाल दिया। मैंने कहा ये तो बड़ा आसान है। मैं तो चोरी करा करूंगी। मतलब मैं तो एक्सपर्ट बन गई। अगली बार फिर गई, मैंने अपनी बहन को बोला क्या चाहिए, कहती



गई थी कि थप्पड़ तक पहुंच गई। वहीं, अब कृतिका मलिक का बिग बॉस से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने अपने चोरी करने का किस्सा सुनाया है। बिग बॉस ओटीटी 3 कंटेस्टेंट कृतिका मलिक अपने चोरी के किस्से को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। हाल ही में विशाल पांडे के कमेंट को लेकर वो ध्यान खींच रही थीं। वहीं अब उन्होंने बिग बॉस में अपने चोरी करने का किस्सा शेयर किया है। कृतिका ने बताया कि वो मंगल बाजार से क्लूचर और लिपस्टिक लेकिन एक दिन वो रंगे हाथों पकड़ी गईं। बिग बॉस ओटीटी 3 के वायरल वीडियो में कृतिका मलिक पति अरमान मलिक और विशाल पांडे के साथ बैठी हुई नजर आईं। उन्होंने दोनों को बताया कि वो मंगल बाजार जाया करती थीं और सामान चुराती थीं। पहली बार चोरी करने के बाद उन्हें लगा कि चोर बनना बेहद आसान है, तो क्यों ये काम अक्सर किया जाए। कृतिका मलिक ने खुलासा किया कि एक- दो बार ऐसा करने के बाद, उनमें और हिम्मत आ गई। उन्होंने कहा, ठऐसे करके है 'क्लूचर' और मैंने अपने मन को बोला क्या चाहिए लिपस्टिक। लिपस्टिक ली, क्लूचर लिया जेब में डाल लिया। फिर आ गई।ठ कृतिका मलिक ने आगे ये भी बताया की एक बार वो रंगे हाथों पकड़ी भी गई थीं। उन्होंने कहा, ठ2-3 मंगल बाजार में जगह-जगह जाती चोरी करके आराम से आ रही थी। फिर एक बार क्या हुआ पैसे जेब में थे मेरे, मैं यूं भीड में से ऐसे करके सामान उठा रही थी, एक बंदे ने मेरा हाथ पकड़ लिया कहता, 'क्या चाहिए'।

## कल्कि केकलां ने शूटिंग के दौरान को-स्टार से कपड़े लिए उधार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कल्कि केकलां (र्ख्त्व्‌ ख्दाम्प्त्ग्ह) सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आने लगी हैं। वह आखिरी बार उन्हें अनन्या पांडे की फिल्म 'खो गए हम कहां' में कैमियो के तौर पर देखा गया था। अब खबर है कि एक्ट्रेस जल्द फिल्म 'हर सॉन्ग' में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग उन्होंने शुरू कर दी है। जो फ्रांस में हो रही है। इस दौरान एक्ट्रेस के साथ घटना घटी। कल्कि केकलां को लोग आज भी ये जवानी है दीवानी की अदिति के किरदार से भी जानते हैं। हालांकि काफी समय से एक्ट्रेस पर्दे से दूर है। बीते दिनों उन्हें फिल्म खो गए हम



कहां में देखा गया था। अब जल्द अभिनेत्री जॉन केलर की फिल्म हर सॉन्ग में नजर आएगी जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। कल्कि केकलां (र्ख्त्व्‌ ख्दाम्प्त्ग्ह) जल्द 'हर सॉन्ग' फिल्म में दिखाई देंगी। अब खबर है कि शूटिंग लोकेशन पर जाते समय एक्ट्रेस का सामान खो गया। मिड डे की रिपोर्ट के मुताबिक, कल्कि को अपनी को-स्टार एलिया क्लेयर से पहनने के लिए कपड़े लेने पड़े। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि मौसम के चलते स्थिति और भी मुश्किल हो गई थी, क्योंकि शुरुआती दिनों में वहां का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस था और कल्कि के पास खुद के कोई गर्म कपड़े नहीं थे।





# वियना में भी गूंजा वंदे मातरम, कुछ इस तरह हुआ पीएम मोदी का स्वागत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** रूस की यात्रा खत्म कर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रिया में उनका शानदार स्वागत किया जा रहा है। वियना के होटल रिट्ज-कार्लटन पहुंचने पर ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने उनके स्वागत में वाद्य यंत्रों के साथ वंदे मातरम गाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा के लिए रूस गए थे। अब वो रूस की यात्रा खत्म कर ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रिया में उनका जोर-शोर से स्वागत किया जा रहा है। वियना के होटल रिट्ज-कार्लटन पहुंचने पर ऑस्ट्रियाई कलाकारों ने उनके स्वागत में वाद्य यंत्रों के साथ वंदे मातरम गाया। अब पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट लिखकर उनका आभार जताया है। ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर



ने वियना पहुंचने के बाद अपने देश में उनका स्वागत करते हुए उन्हें गले लगाया और एक निजी कार्यक्रम के लिए उनकी मेजबानी की। नेहमर को भारतीय प्रधान मंत्री को गले लगाते और उनके साथ सेल्फी लेते देखा गया है। पीएम मोदी ने अब एक्स पर पोस्ट लिखकर आभार भी जताया है। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रिया अपनी जीवंत संगीत संस्कृति के लिए जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा, इस अद्भुत प्रस्तुति के लिए धन्यवाद, इस बेहतरीन प्रदर्शन के कारण मुझे वंदे मातरम की एक झलक देखने को मिली। पीएम मोदी की ये यात्रा इसलिए भी खास है, क्योंकि 40 सालों में ऑस्ट्रिया का दौरा करने वाले वो पहले भारतीय नेता हैं। 1983 में, इंदिरा गांधी ने मध्य यूरोपीय देश का दौरा किया था। अब,सभी की नजरें पीएम मोदी और चांसलर नेहमर के बीच होने वाली बातचीत पर होंगी क्योंकि भारत और ऑस्ट्रिया राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जशन मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक आयोजित करने के लिए सोमवार को रूस गए थे। अपने नए कार्यकाल में उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। मॉस्को में अपने भाषण में उन्होंने भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया और रूस के साथ भारत के संबंधों पर चर्चा की।

# नोएडा में शुरू हो रहा है उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा ।** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) के पूरे शेड्यूल घोषणा आज कर दी गई। 11 जुलाई से शुरू हो रही यूपी कबड्डी लीग 25



जुलाई तक चलेगी और सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। नोएडा इंडोर स्टेडियम में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन ने लीग से जुड़े सभी सवालों के जवाब दिए। उन्होंने बताया कि लीग में हिस्सा ले रही सभी 8 टीमें नोएडा पहुंच चुकी हैं और सभी खिलाड़ी अपने कोच के दिशा-निर्देशन में प्रैक्टिस में जुटे हुए हैं। हर टीम में 15-15 खिलाड़ी हैं। पहला मैच 11 जुलाई को यमुना योद्धा और लखनऊ लॉयन्स के बीच शाम 5 बजे शुरू होगा। लीग में अर्जुन देशवाल, विनय तेवतिया और साहुल कुमार जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। टीमों के सभी खिलाडि़यों की सुरक्षा पर भी काफी ध्यान दिया गया है, जिसके लिए एक सिक्योरिटी एजेंसी हायर की गई है। लीग के प्रमुख कमेंटरेटर निखिल अनेजा, निधि रावत, हर्षित और कोच अरुण कुमार व रामपाल सिंह भी नोएडा पहुंच चुके हैं। जाने माने खिलाड़ी राहुल चौधरी यूपीकेएल के स्पोर्ट्स एंबेसडर हैं। द ग्रेट खली भी यूपीकेएल को सपोर्ट कर रहे हैं। संभव जैन ने बताया कि लीग को खेल संगठनों, स्थापित खिलाडि़यों के साथ-साथ शासन और प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। लीग के उदघाटन अवसर पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव समेत कई नामी गिरामी हस्तियों के जुटने के संभावना है। यूपीकेएल की टैगलाइन ठअपना भारत अपना खेल, अब खेलेगा उत्तर प्रदेशठ रखी गई है। यूपीकेएल के सभी मैचों का सीधा प्रसारण सोनी टेन-3 पर होगा और लाइव स्ट्रीमिंग फैन कोड पर उपलब्ध होगी। लीग का रेडियो पार्टनर रेड एफएम है। कई अन्य कंपनियों से बिजनेस करार भी हुए हैं। स्टेडियम में मैच देखने के लिए किसी भी तरह का टिकट नहीं रखा गया है। पास के माध्यम से कोई भी खेल प्रेमी स्टेडियम में एंट्री ले सकता है। उम्मीद की जा रही है कि 1500 से 2000 की क्षमता वाला नोएडा इंडोर स्टेडियम लीग मुकाबलों के दौरान खेल प्रेमियों से खचाखच भरा होगा।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।